झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी०/27/21 – 23 ,राँची/दिनांक: 05/03/2022

पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (Para-Medical Entrance Competitive Examination)–2021 के परीक्षाफल के आधार पर तृतीय एवं अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति आवश्यक सूचना

पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (Para-Medical Entrance Competitive Examination) – 2021 के परीक्षाफल के आधार पर आयोजित प्रथम एवं द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के उपरान्त पारा–मेडिकल संस्थानों के विभिन्न स्तरीय पाठ्यक्रमों में रिक्त रह गये सीटों पर नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त पर्षद द्वारा तृतीय एवं अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार आयोजित किया जाना है।

2. पूर्व आयोजित साक्षात्कारों से अनुशंसित एवं संस्थानों में नामांकित अभ्यर्थी अगर संस्थान एवं/या पाठ्यक्रम को बदलने के लिये ईच्छुक हैं तो वे उक्त साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

3. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम् एवं द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार से आवंटित/अनामांकित हैं या किसी कारणवश साक्षात्कार में शामिल नहीं हो सके हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर नामांकन के लिए ईच्छुक हैं तो वे भी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

4. सभी ईच्छुक अभ्यर्थियों तथा पारा–मेडिकल संस्थानों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2021 के परीक्षाफलों के आधार पर फार्मेसी, पारा–मेडिकल (इन्टरमीडिएट स्तरीय) एवं पारा–मेडिकल (मैट्रिक स्तरीय) की सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु आयोजित की जाने वाली तृतीय एवं अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्न प्रकार है:–

Time Schedule for 3rd & Last Round of Online Counselling for Para-Medical Courses

Sl. No.	Activity	Date
1.	Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment	07.03.2022 to 10.03.2022
2.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	14.03.2022 to 19.03.2022
3.	Certificates/Documents Verification and Admission in the concerned Institute	14.03.2022 to 19.03.2022

5. **अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Link for All Online Counselling JCECEB-2021" पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए संस्थान/संस्थानों एवं पाठ्यक्रम/पाठ्यक्रमों को अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्प चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। उन्हें सलाह दी जाती है कि सीट आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।**

6. प्रथम या द्वितीय साक्षात्कार के आधार पर नामांकित अभ्यर्थी को उक्त साक्षात्कार में यदि कोई संस्थान एवं /या पाठ्यक्रम पुनर्आवंटित होता है तो पूर्व नामांकित संस्थान एवं/या पाठ्यक्रम में उनका नामांकन स्वतः समाप्त हो जायेगा।

7. **साक्षात्कार शुल्कः**— अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :—

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all Categories	Rs. 250.00

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

04/03/2022

(रंजीता हेम्ब्रम, झा०प्र०से०)
उप परीक्षा नियंत्रक